आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 05.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि महिलाएं जीवन में हर भूमिका में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करती है। वे आज जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित बहनों का सुरक्षा–सम्मान पर्व के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भूमिका राष्ट्र का निर्माण करने में भी बहुत महत्वपूर्ण है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान कार्यक्रम में शामिल आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी बहनों को सम्मान स्वरूप राशि सौंपी। प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी बहनों को राखी के उपहार के तौर पर 501–501 रुपये उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किये गये। इस दौरान श्री शर्मा ने अतिकुपोषित बच्चों के लिए बनाये गये दूधयुक्त बालाहार प्रीमिक्स पैकेट का उद्घाटन किया। इस पैकेट के जरिये अतिकुपोषित बच्चों को अब से 15 ग्राम के बजाय 25 ग्राम दूध उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली पांच आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री तथा महिला और बाल विकास मंत्री दिया कुमारी और महिला बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार कार्यक्रम में उपस्थित रही। सभी जिलों में भी कार्यक्रम रखे गये है, जहां राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

00000

एनडीए संसदीय दल की आज सुबह नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और एनडीए के अन्य सांसद इसमें शामिल हुए। बैठक के दौरान सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की। सांसदों ने इन ऑपरेशनों की सफलता पर सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव भी पारित किया।

00000

घना पक्षी विहार को पानी पहुंचाने वाली गंभीर नदी के बहाव क्षेत्र और चारागाह भूमि पर हुए अतिक्रमण को चार महीने में हटाया जायेगा। आज उच्च न्यायालय में नदी के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण मामले पर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिक्रमण को हटाये जाने की बात कही गई। मुख्य न्यायाधीश केआर श्रीराम और जस्टिस आनंद शर्मा की खंडपीठ ने सरकार के आश्वासन के बाद याचिका को निस्तारित करने के आदेश दिए।

0000

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के सप्लीमेंट्री परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों को पुनर्मूल्यांकन और अंकों का सत्यापन जांचने का अवसर दिया है। बारहवीं कक्षा के पुर्नमूल्याकंन के इच्छुक विद्यार्थी जांची गई आंसर–बुक की फोटोकॉपी के लिए कल से जबकि दसवीं कक्षा के विद्यार्थी इसके लिए 8 अगस्त से आवेदन कर सकते है। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि अधिक जानकारी वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अंको के सत्यापन का परिणाम भी वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों पर भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रकिया आज से शुरू हुई। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आवेदन 3 सितम्बर तक किये जा सकते है। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन से जुडी सभी जानकारियां आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

0000

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आई.आई.टी. मद्रास में भारतीय सेना के अनुसंधान प्रकोष्ठ – अग्निशोध का आज उद्घाटन किया गया। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने इसकी शुरूआत की। इस शोध प्रकोष्ठ का उद्देश्य अकादमिक अनुसंधान को रक्षा प्रौद्योगिकी में बदलना है। इस केन्द्र में किया

गया अनुसंधान विनिर्माण, साइबर सुरक्षा, क्वांटम कम्प्यूटिंग, बेतार संचार और मानवरहित वायु प्रणालियों जैसे उभरते क्षेत्रों में सैन्यकर्मियों को कौशल संपन्न बनाने में मदद करेगा।

00000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के बैंक खातों में चार लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक की उर्वरक सब्सिडी भी प्रदान की है।

00000